# नर्मदांचल





नवभारत

भोपाल, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### किसानों की हर समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा



**सिवनी मालवा 16 अक्टूबर 2025,** सिवनी मालवा के एसडीएम सरोज सिंह परिहार का नर्मदापुरम स्थानांतरण होने के बाद नए एसडीम के पद पर विजय राज ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने तत्काल अधिकारियों पटवारियों की बैठक बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकास कार्यों में सभी प्रकार की गतिविधियों में किस प्रकार तेजी लाई जाए इसका प्रयास किया जायेगा। नए एसडीएम विजय राय ने बताया कि सिवनी मालवा कृषि प्रधान क्षेत्र है यहां के किसानों की हर समस्याओं को त्वरित निदान करने का प्रयास किया जाएगा।

### भीलाखेड़ी मंडल में संघ शताब्दी वर्ष पथ संचलन निकला

**इटारसी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भीलाखेड़ी मंडल का पथसंचलन निकाला गया। जिसमें मंडल के विभिन्न ग्रामों भीलाखेड़ी, बैगनिया, घुगवासा, बीसरोडा आदि के 70 स्वयंसेवकों ने घोष की धुन पर कदम ताल करते हुए गांव की गलियों में भ्रमण किया। ग्राम के हृदय स्थल भागीरथ बाबा की समाधि पर युवा शक्ति द्वारा स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच जगदीश चौधरी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला बौद्धिक प्रमुख नर्मदा प्रसाद यदुवंशी ने संघ की स्थापना एवं पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए संघ की 100 वर्ष की यात्रा में पंच परिवर्तन कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली एवं नागरिक शिष्टाचार का पालन करने की बात कही।

# युवक से मारपीट, दो समुदाय में तनाव

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात, हालात नियंत्रण में, पुलिस ने किया मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 16 अक्टूबर 2025,** सिवनी मालवा तहसील के बराखड़ मार्ग पर देर रात तनाव फैल गया। मुस्लिम समाज के युवक सोनू खान उर्फ फईम शेख ने बराखड़ निवासी योगेश उर्फ छोटू मालवीय से मारपीट की। इस हमले में योगेश के सिर में गंभीर चोटें आई, जिसके बाद उन्हें जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण सिवनी मालवा थाने पहुंचे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। स्थिति बिगड़ती देख थाना प्रभारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। समझाइश के बावजूद भीड़ शांत नहीं हुई और थाने से निकलकर घटना स्थल की ओर बढ़ गई अज्ञात अज्ञात लोगों ने सोनू नामक युवक के एक घर में आगजनी की घटना हुई। सूचना मिलते ही सिवनी मालवा, डोलरिया और



शिवपुर थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात किया है।

**इनका कहना है**

हालात अब नियंत्रण में हैं और मामले की जांच की जा रही है। क्षेत्र में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है और नगरवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की। देर रात एडिशनल एसपी अभिषेक राजन सिवनी मालवा पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

**राजेश दुबे , थाना प्रभारी**

यह मारपीट की घटना पुराने किसी विवाद को लेकर हुई है, जिसमें योगेश मालवीय घायल हुए हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

**अभिषेक राजन एडिशनल एसपी**

# पूर्व पार्षद महेश आर्य के मकान की नापजोख, मामला गर्माया



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 अक्टूबर** नगर पालिका परिषद के सब इंजीनियर आदित्य पांडेय ने आज पूर्व पार्षद और सफाई कर्मचारी नेता महेश आर्य के नई गरीबी लाइन स्थित आवास की नापजोख कराई। यह कार्रवाई महेश आर्य के खिलाफ अतिक्रमण की शिकायत मिलने के बाद की गई।

नगर पालिका सूत्रों के अनुसार, नापजोख के दौरान महेश आर्य का कब्जा करीब 1500 वर्ग फुट पर पाया गया, जबकि उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद सिर्फ 800 वर्ग फुट का ही पट्टा जमा कराया है। नगर पालिका परिषद के सब इंजीनियर आदित्य पांडेय का कहना है कि महेश आर्य ने 800 वर्ग फुट के अलावा एक 600 वर्ग फुट का पट्टा और होने की बात कही है। उनको बताये अनुसार दूसरा पट्टा भी जमा कराना चाहिए।

**राजनीतिक गलियारों में चर्चा** - नगर के राजनीतिक गलियारों में यह कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। महेश आर्य पूर्व में कांग्रेस में थे और उन्होंने कुछ ही महीने पहले भाजपा जॉइन की थी। हालांकि, भाजपा में आने के बाद भी वे न तो पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय दिखाई देते हैं और ना ही नगर पालिका के पक्ष में।

इसके बजाय, वह नगर पालिका के खिलाफ लगातार मुखर बने हुए हैं। नगर में यह चर्चा जोरों पर है कि संभवत- महेश आर्य को चुप कराने के उद्देश्य से ही उन पर इस तरह का दबाव बनाया जा रहा है।

### द्वेषपूर्ण कार्रवाई और राजनीतिक चुप्पी की कोशिश

इधर, पूर्व पार्षद महेश आर्य ने इस कार्रवाई को द्वेषपूर्ण करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास दो वैध पट्टे हैं— एक 800 वर्ग फुट का अपनी मां के नाम पर और दूसरा 600 वर्ग फुट का अपने छोटे भाई के नाम पर। महेश आर्य ने कहा, यदि कहीं कोई हिस्सा थोड़ा बहुत ज्यादा होगा तो मैं उसे स्वयं तोड़ दूंगा, लेकिन आसपास में अतिक्रमण तो ज्यादातर लोगों ने कर रखा है, फिर सिर्फ हमारे घर पर ही क्यों नापजोख की जा रही है? यह कार्रवाई केवल इसलिए की जा रही है क्योंकि मैं इन दिनों सफाई कर्मचारियों के हितों के लिए लगातार आवाज उठा रहा हूं और नगर पालिका के समक्ष उनकी कई मांगें रख चुका हूं।

## दीपोत्सव को लेकर मूर्तिकार अंतिम रूप देने में जुटे

**हण्डिया 16 अक्टूबर** आगामी दीपोत्सव के त्यौहार को लेकर जहां बाजारों में रौनक नजर आ रही है। तो वही दूसरी तरफ रंगो,तथा अन्य वस्तुओं पर भी महंगाई की मार भी असर साफ़ दिखाई दे रहा है। इस वर्षा अन्नदाताओं की सोयाबीन की फसलों के अधिक बरसात में खराब होने से भी बाजारों में खरीद दारी पर भी असर पडने कि संभावना है। इस संबंध में यदि दिपावली के त्यौहार पर खरीदारी की बात कि जाए तो दिनों दिन बढती मूल्य वृद्धि ने भी आम लोगों के रोज मर्रा की वस्तुओं पर भी महंगाई का साया साफ दिखाई दे रहा है। रंग- रोगन प्लास्टर ऑफ पेरिस के दामों में भी इजाफा हुआ है।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 14 लोग घायल, मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**बनखेडी।** बनखेडी में इन दिनों ढाबों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है जिस कारण आए दिन नए नए विवाद सामने आ रहे हैं। विगत दिनों बिजली कंपनी के जेई द्वारा एक ढाबे पर चाकूबाजी का मामला अभी ठंडा ही हुआ था उसके बाद उमरधा रोड टगरा पर स्थित ढाबा पर बुधवार रात दो पक्षों के बीच हिंसक झ ?प हो गई। जिसमें कुल 14 लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, जानलेवा हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए बनखे ?ी थाने में काउंटर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रदीप पटेल निवासी टगरा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अतुल पटेल टगरा के खिलाफ अपराध भारतीय न्याय संहिता की धारा 110, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। प्रदीप पटेल के अनुसार, बुधवार रात करीब 9 बजे वह अपने चाचा के लडके हल्के पटेल और अन्य लोगों को पुराने लेन-देन के विवाद के बाद अतुल पटेल के ढाबे से समझा-बुझाकर वापस टगरा ले जा रहे थे। जब वे ढाबे से करीब 100 मीटर की दूरी पर पहुंचे, तभी पीछे से आरोपी अतुल पटेल अपनी सफेद रंग की स्विफ्ट कार लेकर आया तथा जान से मारने की नियत से तेजी से गाडी चलाकर अभिषेक पटेल और शोभाराम पटेल के ऊपर चढा दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल बनखेडी ले जाया गया, वहीं दूसरे पक्ष ने ढाबे में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप दूसरे पक्ष के फरियादी अतुल पटेल निवासी टगरा की शिकायत पर पुलिस ने 10 लोगों - हल्के पटेल, दिलीप पटेल, शोभाराम पटेल, प्रदीप पटेल, रामविलास पटेल, अभिषेक पटेल, संतोष पटेल, कल्लू पटेल, वकील पटेल और सुरेन्द्र पटेल - के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2),296, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

अतुल पटेल के अनुसार, बुधवार शाम पुराने उधारी के पैसों को लेकर हल्के पटेल से उनका विवाद हुआ था।

## इनामी भजन प्रतियोगिता आज

**सेमरीहरचंद** धनतेरस के उपलक्ष में इनामी भजन प्रतियोगिता का आयोजन 17 अक्टूबर से 51000 प्रथम पुरस्कार सेमरी हरचंद नगर के साप्ताहिक बाजार में शुक्रवार 17अक्टूबर से धनतेरस एवं दीपावली के उपलक्ष में विशाल इनामी भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी धनतेरस के उपलक्ष में इनामी भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें प्रथम पुरस्कार 51000 हजार द्वितीय 31000 तृतीय 21000 चतुर्थ 11000 पंचम 9000 छठवीं 7000 सातवीं भी 6000 एवं शांतवना पुरस्कार के रूप में 5100 5100 की राशि भजन मंडलों को प्रदान की जाएगी.

# विद्यार्थियों ने रंगोली में भरे अपने हुनर के रंग

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 16 अक्टूबर** सिवनी मालवा एसडीएएम महाविद्यालय में सृजनात्मक, टीम भावना तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीसीए प्रथम वर्ष टीम (वैष्णवी लोवंशी, टीना रघुवंशी, जिया लोवंशी, भावना राजपूत) रही। इस प्रतियोगिता में शिवांगी जाट, जिया कपाड़िया, मीनाक्षी यदुवंशी, कामना यदुवंशी, निशा साहू ,जिया लोवंशी, वैष्णवी लोवंशी, टीना यदुवंशी, भावना राजपूत, खुशी यादव, निकिता यदुवंशी, वंशिका लोवंशी, दिव्या



व्यास, जयेश उदासी, आदित्य चौहान, रजत शुक्ला, अर्थव शुक्ला सहित समस्त विद्यार्थियों ने अति उत्साह के साथ भाग लिया। एसडीएएम महाविद्यालय प्राचार्य राजेश कुशवाहा ने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मक, टीम भावना, तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना है। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की कलात्मक विषय की प्रस्तुति और रंग संयोजन के आधार पर मूल्यांकन किया।

## डॉ शैलेंद्र नेमा ने किया छात्रावास का निरीक्षण

**नर्मदापुरम** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा संचालित गुणवत्ता उन्नयन एवं विशेष नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, छात्रावासों एवं संस्थाओं का निरीक्षण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा सतत रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में पीपल मोहल्ला, इटारसी स्थित अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण पशुपालन एवं डेयरी विभाग नर्मदापुरम के सिविल सर्जन डॉ. शैलेंद्र नेमा द्वारा किया गया। डॉ. नेमा द्वारा व्यवस्थाओं, शैक्षिक वातावरण का अवलोकन किया.

# विशेष नवाचार के तहत संस्थाओं का निरीक्षण

**मेधावी छात्र सम्मानित और मार्गदर्शित, सीधी बात, सीधे समाधान**

नवभारत न्यूज

**इटारसी।** नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे विशेष नवाचार कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं (आंगनवाड़ी, स्कूल, छात्रावास) के निरीक्षण की कड़ी में आज अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास, इटारसी (पीपल मोहल्ला) का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान, निरीक्षण एवं पोषण स्तर से देवरी विभाग नर्मदापुरम के सिविल सर्जन डॉ शैलेन्द्र नेमा एवं उनकी टीम ने छात्रावास का निरीक्षण किया। डॉ. नेमा ने छात्रावास की गतिविधियों एवं शैक्षणिक वातावरण को छात्र हित में सर्वोत्तम करने हेतु आवश्यक सुझाव दिए और छात्रावास परिवार की प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान, छात्रावास के उन मेधावी बच्चों को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण-पत्रों से सम्मानित किया, जिन्होंने शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से, छात्रावास के छात्र पीयूष कटारिया (राष्ट्रीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में विजेता) और अंकित अहिरवार एवं पवन लतीफकर (जिन्होंने वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए) को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें उच्च शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

शैक्षणिक संवाद के दौरान, छात्रों से कहा गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की शैक्षणिक सामग्री की आवश्यकता होने पर वे सीधे संबंधित अधिकारियों या कर्मचारियों से संपर्क करें, जिसका समाधान तत्काल किया जाएगा।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कोचिंग संस्थाओं और शासकीय स्कूल की अनियमितताओं पर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौप कार्रवाही की मांग की। 5 दिनो में कार्रवाही नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। अभाविप ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार मनोज नामदेव को सौपे ज्ञापन में बताया कि सीमेंट रोड पर कोचिंग क्लासे एवं लायब्रेरी सरकारी गाइड लाइन अनुमतियों के अनुरूप संचालित नही हो रहे है। वही बच्चों के लिये सुरक्षा मानक का उल्लंघन किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

**पिपरिया** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांसद दर्शनसिंह चौधरी,एकता स्पोटर्स क्लब के अध्यक्ष बलरामसिंह बैस,पूर्व जिला सर्तकता निगरानी सदस्य अरविंद राय,बीईओ एसएल रघुवंशी,बीआरसी प्रदीप शर्मा,संकल्प फाउंडेशन के संचालक निरंजनसिंह वैष्णव, केशरसिंह चौधरी,खेल समंवयक अरविंद शर्मा,प्रीतम पूर्विया,वीरेन्द्र पटेल,श्रीगोपाल गांगूडा सहित पदाधिकारी सदस्य व खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा कहा कि खेल भारत की आत्मा है व खेल महोत्सव को लेकर प्रतियोगिताये होगी। शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया।

### भावांतर योजना के तहत पंजीयन की आज अंतिम तिथि

**नर्मदापुरम** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी एवं किसान हितैषी योजना भावांतर भुगतान योजना के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 है। योजना के तहत पंजीयन करने के लिए सोसायटी स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र (जिले में स्थापित किए गए है 15 पंजीयन केंद्र), ग्राहक सेवा केन्द्र/एमपी ऑनलाइन कियोस्क, या फिर सीधे एमपी किसान ऐप पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम जिले में लगभग 7110 से अधिक किसानों ने 19823 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन किया है। कलेक्टर ने अपील की है कि सभी किसान भाई पंजीयन करें और योजना का लाभ उठाएं। साथ ही अपनी उपज का उचित मूल्य पाएं समर्थन मूल्य के बराबर लाभ प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी ब्लॉक लेवल कृषि विभाग कार्यालय में संपर्क करे। समस्त कृषक बंधु अपनी कृषि उपज सोयाबीन उचित औसत गुणवत्ता अनुसार विक्रय हेतु मण्डी प्रांगण में ही लायें, जिससे कृषि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये कृषक बंधु विक्रय अधिसूचित मंडी प्रांगण/उपमण्डी प्रांगण में करे। किसानों को मंडी मॉडल रेट के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं विक्रय मूल्य के अंतर की राशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में होगा।

### पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण के संबंध में निर्देश

**नर्मदापुरम** उच्चतम न्यायालय, म.प्र. शासन गृह विभाग भोपाल एवं हरित प्राधिकरण सेन्ट्रल जोन, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। उक्त आदेशों एवं निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने हेतु अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री राजीव रंजन पांडे ने समस्त एस.डी.एम. को निर्देशित किया है कि वे अधीनस्थ क्षेत्रों में इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

## किसानों को दी नरवाई प्रबंधन की जानकारी

**नर्मदापुरम** गुरूवार को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती नीता कोरी द्वारा ग्राम निमसाडिया के ग्राम पंचायत भवन में ग्राम के प्रमुख किसानों के साथ नरवाई प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक के दौरान एसडीएम द्वारा किसानों को नरवाई का उचित प्रबंधन करनें के विभि-?न तरीकों के संबंध में जानकारी दी गई एवं उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया.

# महंगाई राहत दर में वृद्धि के निर्णय का पेंशनरों ने किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 16 अक्टूबर** मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के लाखों पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को दीपावली के पहले बड़ी राहत प्रदान की है।

प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुसार वित्त विभाग ने 8 मई 2025 के परिपत्र के आधार पर पेंशनर्स को महँगाई राहत की दरों में 1 सितंबर 2025 से वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस बढ़ी राहत दर के लाभ का भुगतान माह अक्टूबर की पेंशन में किया जायेगा। ऑल प्रगतिशील पेंशनर वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने सरकार के इस महत्त्वपूर्ण निर्णय का स्वागत किया है। गौरतलब है कि एसोसिएशन के द्वारा 8 अक्टूबर को पेंशनर्स की विभिन्न मांगों को लेकर राजधानी भोपाल स्थित अम्बेडकर पार्क में धरना प्रदर्शन किया गया था जिसमें इस निर्णय से संबंधित मांग भी की गई थी। ऑल प्रगतिशील पेंशनर वेल्फेयर असोसिएशन मध्य प्रदेश के प्रान्तीय सचिव बसंत गिरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्त विभाग के आदेश के अनुसार छठवें वेतनमान में पेंशन प्राप्त करने वालों को महँगाई राहत की दर 246 प्रतिशत से बढ़ाकर 252 प्रतिशत कर दी गई है.

## प्राथमिक शाला में पेशाबघर व शौचालय की स्थिति खराब

**पिपरिया** खिडिया ग्राम में शौचालय व पेशाबघर की स्थित अत्यंत खराब है जिससे विद्यार्थियों व शिक्षको को परेशानियों का सामना करना पडता है। खिडिया ग्राम में प्राथमिकशाला में दो शिक्षक रघुवीरसिंह धुर्वे व माया कोरी पदस्थ है। कक्षा 1 से 5 तक 10 विद्यार्थी दर्ज है जिसमे 7 विद्यार्थी उपस्थित मिले । स्कूल प्रांगण में पूर्व में लगे हेंडपंप को बंद कर हेंडपंप में मोटर डाली गई है जो कि बंद पडी हुई है जिससे बच्चो व शिक्षको को पीने का पानी व अन्य उपयोग के लिये पानी बाहर से लाना पड रहा है। वही शौचालय व पेशाबघर की सीटे टूटी पडी है ,जर्जर स्थिति में है वही अत्यंत गंदगी है.

# रोजाना ढाबों पर छलक रहे हैं जाम, खुलेआम बिक रहे मादक पदार्थ

नवभारत न्यूज

**सिराली।** क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार खुलेआम पनप रहा है, जबकि स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। नगर और आसपास के क्षेत्रों में दर्जनभर ढाबों पर शाम ढलते ही शराब के जाम छलकते हैं। यहां बिना किसी रोक-टोक के शराब परोसी जा रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन मौन है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस छोटी-मोटी कहासुनी या विवादों में तो तत्काल पहुंच जाती है, मगर जहां अवैध शराब और गांजे का कारोबार खुलेआम चल रहा है, वहां उसकी आंखें बंद हो जाती हैं। जानकारी के अनुसार सिराली क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर स्थित कई ढाबे अब नशे के अड्डों में तब्दील हो चुके हैं। देर रात तक यहां शराब परोसी जाती है और कई बार नशे में धुत लोग सड़क पर झगड़ा करते भी देखे गए हैं। बावजूद इसके पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को इस सबकी जानकारी होते हुए भी वह अनजान बनी हुई है। इससे ढाबा संचालकों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम नशे का कारोबार कर रहे हैं। इसी तरह नगर के कई हिस्सों में गांजे की अवैध बिक्री भी जोरों पर है। कुछ युवकों ने बताया कि गांजा अब आसानी से मिल जाता है और इसकी लत पड जाती है.

# दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर विधायक सहित कांग्रेस नेता धरने पर

नवभारत न्यूज

**खिरकिया ।** छिंदवाडा मे मासूमों की मौत पर कांग्रेस नेताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकियां अस्पताल के सामने धरना प्रदर्शन किया ।डायएथिलीन ग्लायकोल के बारे में ङ्ख ।।ह्र ने 2022 में कहा था कि इसका इस्तेमाल ख़तरनाक है. क्योंकि इस तत्व से गुर्दा प्रभावित होता है. इसके बावजूद फार्मास्यूटिकल कंपनियां इसका इस्तेमाल कर रही है ।लेकिन भारत में किसी भी दवा का अप्रूवल ष्ठष्टस्ष्ह्र करता है. दवा अप्रूवल करने के कुछ स्टैंडर्ड नियम है. जो कुछ चरणों के माध्यम के बाद पूरा होता है.इतने नियमों के बावजूद कोई फार्मास्यूटिकल कंपनी इनका पालन नहीं करती है तो बड़ी सजा की पात्र है। लेकिन एक और बात है कि कुछ दवा में प्रिजर्वेटिव के बारे में नाम का उल्लेख होता है क्वांटिटी का नहीं. किसी भी कफ सिरप में ग्लायकोल का नाम और मात्रा स्पष्ट रूप से लिखी नहीं होती. यह सिर्फ कंपनियों को पता होता है. यह चौंकाने वाला है सरकार की लापरवाही से कितने घरों के चिराग बुझ गए और यह सरकार डॉ को हटा कर इतुश्री कर ली। कार्रवाई नहीं करने को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस विधायक डॉ आर के दोगने कॉग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन सांई शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

## सांसद मेला समापन अवसर पर हुआ कवि सम्मेलन

**पिपरिया** कृषि उपजमंडी में 10 दिवसीय सांसद मेला समापन अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माँ का पूजन और गणेश वंदना के साथ हुआ। केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री डीडी उईके,ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर,खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंदसिंह राजपूत, मछुआ कल्याण विभाग मंत्री नारायण सिंह पवार,नगरीय विकास एवं आवास विभाग राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व कृषि मंत्री रामकृष्ण कुसमारिया, जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक ठाकुरदास नागवंशी आदि उपस्थित थे.

# कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव - ओम पटेल

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न, वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढाया**

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 16 अक्टूबर** सिवनी मालवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें नवनियुक्त नर्मदापुरम जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी ओम पटेल एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकांत पांडे ने आगामी संगठन की रणनीति और महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं को एकजुटता का पाठ पढाया। जिला प्रभारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओम पटेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ता हमारे क्षेत्र का मजबूत होगा तो निश्चित ही कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। कांग्रेस का कार्यकर्ता ही पार्टी की नीऊ है। कांग्रेस का कार्यकर्ता ही सब कुछ है। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी की सेवा करना है हम सब साथ मिलकर चलेंगे तो सफलता मिलेगी। हम सभी कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ कांग्रेस का हूं कांग्रेस का रहूंगा कांग्रेसी हूं कांग्रेसी रहूंगा मैं किसी गुट में नहीं हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मुझे संगठन का दायित्व दिया है तो मेरी प्राथमिकता है कि संगठन कैसे मजबूत हो। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकांत पांडे ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि टिकट चाहे जिसको मिले टिकट एक को मिलेगी लेकिन कार्य सभी को करना पड़ेगा चाहे पार्षद का टिकट विधानसभा का हो या संसद का चुनाव हो टिकट किसी को भी मिले संगठन भी कार्यकर्ता को लेकर चले। उन्होंने कहा कि मैं किसी ग्रुप बाजी में नहीं मेरे लिए कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मेरे परिवार का आदमी है। मैं किसी गुटबाजी में नहीं हूं आगे भी नहीं करना चाहता। कांग्रेस के लिए खड़े हैं तो खड़े हैं। कांग्रेस में अनुशासन प्रिय है सभी अनुशासन में रहे। उन्होंने कहा कि हमको सभी चुनाव जनपद, मंडी, नगर पालिका सहित चारों विधानसभा जीतना है। कार्यकर्ता किसी की बातों में ना आए।